1		2	3	4	5
14	Meghalaya	10	12·62	5	15
15	Mizoram	5	5	...	..
16	Nagaland	...	...	...	...
17	Orissa	30	19·15	30	30
18	Punjab	65	31	62	62
19	Rajasthan	70	55	55	55
20	Sikkim	5	5·13	6	6
21	Tamil Nadu	500	500	600	141·06
22	Tripura	40	15	21	20
23	Uttar Pradesh	330	355·70	400	426·50
24	West Bengal	400	650	655	655
	SUB-TOTAL: (STATES) :	3555	3949·60	4152	3942·26
25	A & N Islands	3	3	3	3
26	Chandigarh	...	...	...	...
27	D. & N. Haveli	...	...	...	...
28	Delhi	200	500	545	500
29	Goa, Daman & Diu	5	7·89	7	7
30	Lakshadweep	...	1·08	...	0·48
31	Pondicherry	20	25	20	20
	SUB-TOTAL : (U.Ts) :	228	536·97	575	530·48
	GRAND TOTAL :	3783	4486·57	4727	4472·74

बिहार में गंगा नदी के खादर दियारा क्षेत्र के किसानों की कठिनाइयां

3164. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गंगा नदी का खादर दियारा क्षेत्र देश का ऐसा सबसे बड़ा क्षेत्र है जहां किसानों को बाढ़ और भू-रक्षण के कारण अनेकों कठिनाइयां सहनी पड़ती हैं तथा उन्हें कृषि के क्षेत्र में विकास के लिए बनाई गई सभी योजनाओं के कार्य क्षेत्र से बाहर रखा गया है जिसके परिणामस्वरूप कम उपज, पशुओं की नस्ल में कोई सुधार न होना, सहकारी आंदोलन का अभाव और खाद्यान्नों आदि के वितरण की अपर्याप्त व्यवस्था होना है ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि इस क्षेत्र में गरीबी की सीमा रेखा से नीचे के लोग बड़ी संख्या में पाए जाते हैं ; यदि हां, तो सातवीं पंचवर्षीय योजना में इस क्षेत्र में कृषि और पशुओं के विकास के लिए क्या विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रखदी जाएगी ।

राजभाषा अधिनियम का क्रियान्वयन

3165 श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय ने राजभाषा अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाये हैं और अधिकारियों और कर्मचारियों आदि को प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम के अधीन राजभाषा अधिनियम के अधिनियमित किए जाने के 24 वर्ष पश्चात तथा हिन्दी के प्रयोग संबंधी वार्षिक कार्यक्रम बनाए जाने के 19 वर्ष बाद भी अब तक केवल 6 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि 19 वर्षों की अवधि में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबन्धित वार्षिक कार्यक्रम के एक वर्ष के कार्य को क्रियान्वित नहीं किया गया है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि मंत्रालय के विभिन्न विभागों की विभागीय राजभाषा क्रियान्वयन समितियों में अब तक एक भी गैर सरकारी सदस्य को प्रेक्षक के रूप में नाम निर्देशित नहीं किया गया है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री एम० एल० फोतेदार) : (क) जी, नहीं ।

(ख) जी नहीं । वार्षिक कार्यक्रम की कुछ मदों के संबंध में लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त कर लिये गये हैं किन्तु कुछ मदों के संबंध में लक्ष्य कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त नहीं हुए हैं । इस संबंध में स्थिति में सुधार लाने के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

3166. [Transferred to the 27th August 1987]

बरौनी संयंत्र में यूरिया की कमी

3167. श्री अशोक नाथ वर्मा : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1983 से 1986 की अवधि के दौरान हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन की बरौनी फैक्टरी में ग्यारह हजार टन यूरिया की कमी की जांच के संबंध में एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा जांच की गई, यदि हां, तो कब-कब और किसके द्वारा जांच की गई तथा उसके क्या परिणाम निकले ;

(ख) क्या तोल मशीन ठीक नहीं थी जिसके कारण यूरिया को ठीक तरह नहीं तौला जा सका और यदि हां, तो इस गलती का कब पता चला तथा किस अवधि के दौरान कमी हुई, कितने-कितने समय-अन्तराल से तौल मशीन की जांच की गई, तौल मशीन की जांच न किए जाने के क्या कारण थे, क्या तोलने की प्रक्रिया भंडार में की जाती है, यदि हां, तो न गलती का पहले पता न लग पाने के क्या कारण हैं वजन का बोरियों के रूप में पता क्यों नहीं लगा' क्या यूरिया की कमी परिणामस्वरूप बोरियों को बेचे जाने के मामले में कोई जांच की गई थी; और

(ग) क्या किन्ही व्यक्तियों को दोषी पाया गया और यदि हां, तो किस अपराध के लिए तथा उनमें से प्रत्येक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई, दोषी पाए गए व्यक्तियों के नाम तथा पद-नाम क्या-क्या हैं ?

कृषि मंत्रालय में उर्वरक विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० प्रभु) : (क) जी हां, जुलाई 1985 से अप्रैल 1986